दिनांक-17.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री की उपस्थिति में पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो अभियान के लिये आज मध्यप्रदेश-राजस्थान के बीच होगा अनुबंध।
- अंतरराष्ट्रीय वन मेले की भोपाल में आज राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे शुरूआत।
- एक राष्ट-एक चुनाव संबंधी विधेयक आज लोकसभा में होगा पेश।
- प्रदेश में शीतलहर जारी। भोपाल में 53 साल बाद पारा 3 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा।

त्रिस्तरीय अनुबंध

मध्यप्रदेश और राजस्थान को समृद्ध और किसानों को खुशहाल बनाने वाली पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के लिये आज जयपुर में त्रि-पक्षीय अनुबंध होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। यह परियोजना 2004 में मध्यप्रदेश एवं राजस्थान को सिंचाई एवं पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित की गई थी, परंतु दोनों राज्यों के मध्य जल बंटवारे पर सहमति न बन पाने के कारण परियोजना का क्रियान्वयन नहीं हो सका। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि परियोजना से चंबल और मालवा क्षेत्र की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगी। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र तरक्की होगी। इस परियोजना से प्रदेश के मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त लगभग 60 वर्ष पुरानी चंबल दाईं मुख्य नहर एवं वितरण-तंत्र प्रणाली के आधुनिकीकरण कार्य से भिंड, मुरैना एवं श्योपुर जिले में कृषकों की मांग अनुसार पानी उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना से प्रदेश के गुना, मुरैना, शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, इंदौर, धार, आगर मालवा, शाजापुर और राजगढ़ जिलों के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा।

वन मेला

लघु वनो उपज से महिला सशक्तिकरण की थीम के साथ आज से भोपाल के लालपरेड ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय वन मेला शुरू हो रहा है। इसमें क्रेत-विक्रेता सम्मेलन, कार्यशाला और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का उद्घाटन आज राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। मेले में श्रीलंका, नेपाल और ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

मप्र के वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने बताया कि इस साल वन मेला "लघु वनोपज से महिला सशक्तिकरण" पर आधारित होगा। इसका कारण मध्य प्रदेश में लघु वनोपज प्रबंधन में महिलाओं की 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी होना है।

वन मेले में करीब 300 स्टॉल लगाये जा रहे हैं। मेले में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। मेले में ओपीडी का संचालन होगा, जिसमें प्रतिदिन आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया जायेगा।

विधानसभा दूसरा दिन

प्रदेश विधानसभा के पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। आज मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय विधि संशोधन विधेयक, मध्यप्रदेश् निजी विद्यालय फीस संबंधी संशोधन विधेयक पर विचार किया जाना प्रस्तावित है। इससे पहले कल बुधनी से भाजपा विधायक रमाकांत भार्गव और अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। प्रश्नकाल के बाद विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस ने हंगामा करते हुए वॉकआउट कर दिया था। जिसके बाद कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

क्रेडिट गारंटी योजना

केंद्र सरकार ने कल 'ई-एनडब्ल्यूआर आधारित गिरवी वित्तपोषण के लिए क्रेडिट गारंटी योजना' शुरू की। इस योजना के तहत, किसान अब अपनी उपज के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकेंगे। वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी के साथ पंजीकृत गोदामों में अपनी उपज जमा करने के बाद, उन्हें एक इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद जारी की जाएगी। किसान, किसान उत्पादक संगठन, कृषि सहकारी समितियाँ और एमएसएमई इस योजना के तहत पात्र होंगे। नई दिल्ली में योजना का शुभारंभ करते हुए, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि इससे किसानों द्वारा मजबूरी में अपनी उपज को बाजार मूल्य से कम पर बेचने पर रोक लगेगी।

एक राष्ट्र, एक चुनाव

एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किए जाएंगे। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सदन में संविधान 129वां संशोधन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे। हाल ही में सरकार ने देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर विचार के लिए गठित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया है। इसे दो चरणों में लागू करने की योजना है । पहले चरण में, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे और पंचायत जैसे स्थानीय निकाय चुनाव, आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे।

जनकल्याण अभियान अभियान

पन्ना जिले मे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान लगातार जारी है और इसके अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ जनता को दिया जा रहा है। इसके तहत आज सात ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। इसमें शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिमरीकला, रैयासांटा, पिपरिया कला एवं बम्हौरी तथा अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गुमानगंज, मड़रका एवं नारायणपुर मे शिविर लगेगा। पन्ना जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि अभियान 26 जनवरी तक जारी रहेगा।

रेलवे स्टेशन इंदौर

इंदौर रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं वाला बनाने के लिए नए साल में जनवरी से काम शुरू होने जा रहा है। पहले चरण में करीब 400 करोड रुपए से अधिक खर्च होंगे। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि रेलवे स्टेशन आने वाले 50 सालों की जरूरत को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। नए स्टेशन का क्षेत्रफल वर्तमान स्टेशन से 10 गुना ज्यादा होगा। साथ ही, यहां से एक लाख से ज्यादा यात्री प्रतिदिन सफर कर पाएंगे।

धान खरीदी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जारी है। अभी तक 1 लाख 5 हजार 179 किसानों से 7 लाख 10 हजार 320 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1319 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा।

मौसम

प्रदेश में लगातार शीतलहर चल रही है। भोपाल, सीहोर में तीव्र शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है। भोपाल में तापमान 3 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कि पिछले 53 सालों में सबसे कम है। पचमढ़ी में प्रदेश का सबसे कम तापमान एक दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज भोपाल, रायसेन, सीहोर जिलों के लिए तीव्र शीतलहर का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 21 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें विदिशा, सागर, देवास, नरसिंहपुर जिले शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन शीतलहर का प्रभाव रहेगा इसके बाद कुछ राहत मिल सकती है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आज आगरमालवा जिले के सुसनेर और नलखेड़ा में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- खण्डवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के ए.एन.एम. एवं पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।
- डिंडौरी में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेला आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जाएगा। जिसमें 12 कंपनियां लगभग 1 हजार पदों के लिए युवाओं का चयन करेंगी।
- इंदौर जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और शासकीय सुविधाओं का लाभ देने के लिए 48 शिविर लगाये गए। यह अभियान जिले में 26 जनवरी तक चलेगा।

- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर पेंशन से संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिए कल अपर मंडल रेल प्रबंधक अशफाक अहमद की अध्यक्षता में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।

-------------